मार्शल आर्ट्स | नेपाल यूथ चैंपियनशिप में देश का नाम किया रोशन

# आम आदमी पार्टी ने कराटे चैंपियंस का सम्मान किया



**नवभारत, जबलपुर।** आम आदमी पार्टी ने नेपाल यूथ चैंपियनशिप में देश का नाम रोशन करने वाले लाइगर मार्शल कराटे किड्स एकेडमी के खिलाड़ियों का सम्मान किया। मध्य प्रदेश वूशु संघ की उपस्थिति में हुए इस समारोह में मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी के डॉ. मुकेश जायसवाल और वूशु संघ के सचिव मनोज गुप्ता ने एकेडमी अध्यक्ष नवीन विश्वकर्मा के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले कराटे चैंपियन बच्चों को पदक, सर्टिफिकेट और ट्रॉफी दी। इस दौरान डॉ. मुकेश जायसवाल ने बच्चों को खेल रत्न उपाधियों के लिए आशीर्वाद देते हुए एकेडमी को हमेशा आम आदमी पार्टी और अपना साथ देने का भरोसा दिया। एकेडमी अध्यक्ष नवीन विश्वकर्मा ने बताया कि कोच आयुषी पिल्ले के मार्गदर्शन में बच्चों ने दूसरा स्थान हासिल किया है और वे आने वाली चैंपियनशिप के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं ताकि हर टूर्नामेंट में और बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस मौके पर डॉ. मुकेश जायसवाल, मनमोहन लाल जाटव, मनोज गुप्ता, नवीन विश्वकर्मा, आयुषी पिल्ले, जूनियर ब्लैक बेल्ट मास्टर के. अनिरुद्ध, रायन लाल, रिधिमा यादव, वेदांत सिंह ठाकुर और मयंक श्रीपाल उपस्थित रहे।

## पेयजल संकट पर लालमाटी ज़ोन कार्यालय का घेराव

**नवभारत, जबलपुर।** विधायक लखन घनघोरिया के नेतृत्व में पूर्व विधानसभा के अंतर्गत आने वाले लालमाटी ज़ोन कार्यालय का घेराव कर नगर निगम के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से गहराते पेयजल संकट, खराब पाइपलाइन, स्ट्रीट लाइट की कमी और चरमराई सफाई व्यवस्था जैसी बुनियादी समस्याएं बनी हुई हैं। इन समस्याओं को लेकर वे लगातार नगर निगम प्रशासन को सचेत कर रहे हैं, लेकिन टैंकरों की संख्या बढ़ाने और पाइपलाइन सुधारने के लिए लगातार पत्राचार करने के बावजूद नगर निगम और महापौर का रवैया बेहद निराशाजनक रहा है। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम प्रशासन को कड़ी चेतावनी दी है कि यदि महापौर ने जल्द ही जनता की इन गंभीर समस्याओं की सुध नहीं ली, तो यह आक्रोश सिर्फ ज़ोन कार्यालय तक सीमित नहीं रहेगा। आने वाले समय में जनता की बुनियादी मांगों को लेकर नगर निगम मुख्यालय का भी एक बड़े स्तर पर घेराव किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने संकल्प दोहराया कि भीषण गर्मी और स्वास्थ्य खराब होने जैसी विपरीत परिस्थितियों में भी वे जनता की आवाज़ को मजबूती से उठाना जारी रखेंगे।



## प्रदेश अध्यक्ष के घर पर हमला कार में तोड़फोड, बमबाजी

**नवभारत, जबलपुर।** तिलवारा थाना क्षेत्र में देर रात बेखौफ बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। अज्ञात बदमाशों ने बहुजन चेतना पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राधेलाल झारिया को निशाना बनाते हुए उनके घर पर हमला कर दिया। बदमाशों ने प्रदेश अध्यक्ष के निवास के बाहर खड़ी कारों में तोड़फोड़ की और इलाके में दहशत फैलाने के लिए सुअरमार बम पटके। साथ ही पथराव भी किया। इस अचानक हुए हमले से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और छानबीन शुरू कर दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, देर रात अचानक आए बदमाशों ने तिलवारा स्थित राधेलाल झारिया के घर के बाहर खड़ी उनकी कार पर लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला बोल दिया। बदमाशों ने कारों के कांच तोड़कर उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। उत्पात मचा रहे बदमाशों ने सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष ही नहीं, बल्कि आसपास के कुछ अन्य पड़ोसी घरों को भी निशाना बनाया और वहां भी तोड़फोड़ की। हमले के दौरान अपनी धमक दिखाने और लोगों को डराने के उद्देश्य से बदमाशों ने इलाके में सुअरमार बम फेंके। बम के तेज धमाकों की आवाज से पूरा मोहल्ला दहल उठा। धमाकों के बाद लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे, जिससे सड़क पर भगदड़ की स्थिति बन गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। बमबाजी और तोड़फोड़ से हड़कंप मच गया। पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा और स्थिति को संभाला। पुलिस की टीम ने घटनास्थल पहुंच कर बम के अवशेष और अन्य सबूत जब्त किए हैं। आरोपियों की शिनाख्त के लिए पुलिस आसपास के घरों और चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

## बढ़ती महंगाई के खिलाफ निकाली सरकार की शव यात्रा

**निवास।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बढ़ती महंगाई और विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर निवास मुख्यालय में एक विशाल और उग्र प्रदर्शन किया गया। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दामों में हो रही बेतहाशा बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर में सरकार की महंगाई शव यात्रा निकाली और जमकर नारेबाजी की। यह जुलूस नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह तिराहे पर पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने सरकार की अर्थी फूंक दी।

इस दौरान अर्थी को बुझाने और प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए निवास पुलिस ने नगर परिषद के दमकल वाहन से पानी की बौछार का उपयोग किया। पुलिस की इस कार्रवाई से मौके पर अचानक अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। सम्मेलन में जिला कांग्रेस कमेटी प्रभारी जगदीश सैनी, जिला अध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले, विधानसभा प्रभारी राजेश तिवारी, निवास विधायक चैन सिंह वरकड़े और ब्लॉक अध्यक्ष संजय जायसवाल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में जिले से पहुंचे नेताओं ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए आगामी समय में एकजुट होकर जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने का आह्वान किया।

## प्रमोद चौहटेल बने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला प्रभारी

**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने मध्य प्रदेश के अनुसूचित जाति मोर्चा जिला प्रभारीयों की घोषणा की है जिसमें अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद चोहटेल को नरसिंहपुर जिले का जिला प्रभारी नियुक्त किया है। प्रमोद चौहटेल के अनुसूचित जाति मोर्चा नरसिंहपुर जिला प्रभारी बनने पर सभी जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारीयों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।



# चन्सुरा में बाघ के हमले से हुई वृद्ध की मौत

**चिल्हारी, उमरिया, नवभारत।** पनपथा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम चन्सुरा में गुरुवार सुबह 60 वर्षीय अन्नू रजक की बाघ के हमले में मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अन्नू रजक सुबह अपने घर के समीप जंगल में महुआ फूल एवं डोरी बीनने गए थे। इसी दौरान उन पर बाघ ने हमला कर दिया। गश्त के दौरान वनकर्मियों को घटनास्थल के पास मृतक का जूता एवं घसीटने के निशान मिले। तलाश करने पर शव बरामद हुआ।

स्थानीय लोगों के अनुसार घटनास्थल के आसपास बाघ भी मौजूद था। बाद में वन विभाग ने हाथियों की सहायता से स्थिति को नियंत्रित कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।





### 10 माह में इन्होंने गंवाई जान

इस घटना के साथ ही पनपथा क्षेत्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष को लेकर चिंता और गहरा गई है। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार बीते लगभग डेढ़ महीने में लगभग 10 किलोमीटर के दायरे में छह लोगों की मृत्यु वन्यजीव हमलों से हुई है। इनमें कुदरी निवासी रज्जू कोल, ममता यादव, खेरवा टोला की फूलबाई पाल, झलवार के फूलबाई गौड़, कल्याण सिंह तथा अब चन्सुरा के अन्नू रजक शामिल हैं।

### वन विभाग और प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती

वन्यजीव संरक्षण और मानव सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना एक जटिल विषय है, लेकिन लगातार हो रही घटनाओं के बाद स्थानीय लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि प्रभावित क्षेत्र में जोखिम कम करने के लिए उठाए गए उपायों की प्रभावशीलता की समीक्षा की जानी चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल से लगे गांवों में रहने वाले लोग आजीविका के लिए प्रतिदिन जंगलों पर निर्भर रहते हैं, ऐसे में सुरक्षा उपायों को और मजबूत किए जाने की आवश्यकता है। साथ ही क्षेत्रवासियों के बीच यह मांग भी उठ रही है कि जिला प्रशासन, वन विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियां संयुक्त रूप से स्थिति की समीक्षा कर प्रभावित गांवों के लिए विशेष सुरक्षा योजना तैयार करें, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

### क्षेत्र की सबसे बड़ी मांग

लगातार छह जनहानि की घटनाओं के बाद क्षेत्र की सबसे प्रमुख मांग यह बनकर सामने आई है कि प्रभावित क्षेत्र में सक्रिय हमलों से जुड़े बाघ की गतिविधियों का विशेषज्ञों द्वारा तत्काल आकलन कराया जाए। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों का कहना है कि यदि जांच और वैज्ञानिक मूल्यांकन में किसी विशेष बाघ की संलिप्तता स्थापित होती है, तो वन्यजीव संरक्षण नियमों एवं निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत उसके रेस्क्यू, स्थानांतरण अथवा अन्य उपयुक्त प्रबंधन उपायों पर शीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे वन्यजीव संरक्षण के महत्व को समझते हैं, लेकिन लगातार हो रही मौतों के कारण क्षेत्र में भय का माहौल है। उनका मानना है कि मानव जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रभावी और समयबद्ध कदम उठाए जाने चाहिए।

# शहपुरा नगर परिषद की सीएमओ रीना सिंह राठौर हुई निलंबित

**शहपुरा नवभारत।** नगर परिषद शहपुरा में लंबे समय से उठ रहे वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोपों के बीच नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) रीना सिंह राठौर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास, भोपाल द्वारा 25 जून 2026 को जारी आदेश में उनके विरुद्ध प्राप्त शिकायतों, जांच प्रतिवेदनों और पूर्व से लंबित विभागीय मामलों को आधार बनाते हुए यह कार्रवाई की गई है। विभागीय आदेश के अनुसार नगर परिषद शहपुरा की अध्यक्ष द्वारा शिकायत की गई थी कि सीएमओ रीना सिंह राठौर द्वारा नियमों को दरकिनार कर जेम पोर्टल एवं ऑफलाइन माध्यम से अपनी पसंद के ठेकेदारों से निर्धारित दरों से अधिक मूल्य पर सामग्री खरीदी जा रही थी। साथ ही कोटेशन प्रक्रिया के माध्यम से निर्माण कार्य कराकर शासकीय धनराशि के दुरुपयोग के आरोप भी लगाए गए थे। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया था कि बिना सक्षम स्वीकृति के नगर में टीन शेड निर्माण कराया गया तथा अपनी पसंदीदा एजेंसियों को कार्य देकर परिषद को वित्तीय नुकसान पहुंचाया गया। इसके अतिरिक्त जल गंगा संवर्धन योजना के अंतर्गत फर्जी या नियमविरुद्ध कार्यों के माध्यम से शासकीय राशि के दुरुपयोग की बात भी सामने आई।



आदेश में कहा गया है कि सीएमओ द्वारा कई बार परिषद अध्यक्ष की अनुमति के बिना बैठकें आयोजित की गई तथा अध्यक्ष के हस्ताक्षरों की फोटो कॉपी कर प्रस्ताव पारित किए जाने जैसी गंभीर शिकायतें भी प्राप्त हुई थीं। इन कार्रवाइयों से नगर निकाय को आर्थिक क्षति पहुंचने और परिषद की छवि धूमिल होने की बात जांच में सामने आई है। नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा पूर्व में भी इस संबंध में संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, जबलपुर संभाग को शिकायत भेजी गई थी। शिकायत के आधार पर गठित तीन सदस्यीय जांच समिति ने मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट विभाग को सौंप दी थी। जांच प्रतिवेदन में स्वागत द्वार निर्माण में वास्तविक लागत से अधिक भुगतान, किराये पर वाहन लगाए जाने, बिना सक्षम स्वीकृति भुगतान करने तथा मानस भवन परिसर की दुकानों के आवंटन में अनियमितताओं सहित कई मामलों की पुष्टि किए जाने का उल्लेख किया गया है। विभागीय आदेश में यह भी उल्लेखित है कि रीना सिंह राठौर के विरुद्ध पूर्व से चार विभागीय जांचें संचालित हैं। इनमें चंदेरी, ब्यौहारी, नौरोजाबाद और चंदिया नगर परिषदों में पदस्थापना के दौरान भवन निर्माण अनुमति, सामग्री क्रय, वित्तीय अनियमितता, सड़क निर्माण और मोबाइल टॉयलेट क्रय जैसे मामलों की जांच शामिल है। इसके अलावा वर्ष 2026 में चंदिया नगर परिषद में पदस्थापना के दौरान दर्ज एक आपराधिक प्रकरण में उनके विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति भी प्रदान की जा चुकी है। आयुक्त द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि उपलब्ध तथ्यों और जांच प्रतिवेदनों से यह स्पष्ट होता है कि जहां-जहां रीना सिंह राठौर पदस्थ रहीं, वहां अनियमितताओं संबंधी शिकायतें सामने आईं व तर्मान पदस्थापना स्थल शहपुरा में भी गंभीर वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोप प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाए गए हैं। इन्हीं तथ्यों के आधार पर मध्यप्रदेश नगरपालिका सेवा (कार्यपालिक) नियम, 1973 के नियम 36(1) के तहत रीना सिंह राठौर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, संभाग-जबलपुर कार्यालय निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। इस कार्रवाई के बाद नगर परिषद शहपुरा में प्रशासनिक हलकों के साथ-साथ राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में भी चर्चा का माहौल है। वहीं स्थानीय नागरिकों का मानना है कि जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे और भी महत्वपूर्ण कार्रवाई हो सकती है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ समापन

**शहपुरा नवभारत।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन गुरुवार को विकासखंड मेहदवानी के सेक्टर कठौतिया में श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान एवं विकासखंड समन्वयक सुशीला ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसमें नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधियों, मेंटर्स एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 4 बजे नर्मदा तट पर पूजा-अर्चना एवं संगोष्ठी के साथ हुई।

इस दौरान जल संरक्षण, नदियों की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि जल स्रोतों का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसके लिए जनभागीदारी बेहद जरूरी है। इसके बाद उपस्थितजनों ने सेक्टर कठौतिया की दनदना नदी में दीप प्रज्वलित कर जल गंगा स्वरूप पूजा-अर्चना की। नदी तट पर दीपों की जगमगाहट ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों को प्रसाद वितरण किया गया। समन्वयकों ने ग्रामीणों से स्थानीय जल स्रोतों, तालाबों एवं नदियों की स्वच्छता और संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समिति के सदस्य, स्थानीय मेंटर्स एवं सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे। जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित यह अभियान क्षेत्र में सकारात्मक संदेश छोड़ गया।



# 1300 किलो महुआ लाहन और 55 लीटर कच्ची शराब जब्त

**अंजनिया/मंडला।** कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देशन में जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के निर्माण और विक्रय के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत अंजनिया क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है।

जिला आबकारी अधिकारी तथा प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती शैली सैयाम के मार्गदर्शन में मंडला वृत्त की टीम ने मांद तालाब के किनारे चल रहे अवैध शराब निर्माण के ठिकानों पर अचानक दबिश दी।

आबकारी विभाग की इस कार्रवाई के दौरान तालाब किनारे संचालित पांच अवैध अड्डों से लगभग 55 लीटर हाथ भट्टी से बनी कच्ची मदिरा बरामद की गई। इसके साथ ही शराब बनाने के लिए 130 प्लास्टिक डिब्बों में भरकर रखा गया लगभग 1300 किलोग्राम महुआ लाहन भी जब्त किया गया, जिसे आबकारी अमले ने तकनीकी मापदंडों के तहत मौके पर ही नष्ट कर दिया। कार्रवाई के दौरान विभागीय अमले को आते देख आरोपी घने जंगलों का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में कामयाब रहे।



**अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज** - विभाग द्वारा फरार अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आबकारी टीम द्वारा जब्त की गई कच्ची मदिरा और नष्ट किए गए महुआ लाहन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 38 हजार रुपये आंकी गई है। इस महत्वपूर्ण और सफल कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक सर्वेश नागवंशी, प्रधान आरक्षक दुर्जन कुलेश, आरक्षक विजय कमलेश, सत्यपाल मरावी, नेतराम ककोटिया, रघुनाथ उइके, महेश पटेल एवं श्रीमती शकुंतला सैयाम सहित पूरे आबकारी अमले की सराहनीय भूमिका रही।


**Jawaharlal Nehru Krishi Vishwa VidyalayaRegional Agriculture Research Station, Dindori (M.P.)**

No./IPRO/RARS/2026-27/ 170 Date: 24.06.2025

**Walk in Interview**

Eligible candidate may appear for "Walk in Interview" at Dean office college of Agriculture, Jabalpur along with the original documents and two sets of application along with Demand Draft of Rs. 100/- (One hundred only) on 07.07.2026 at 10.00 A.M. for the temporary (contractual) positions of one post of Young Professional-I (YP-I) under the project entitled " Development of Climate resilient , Bio – fortified , Biotic stress resistant and Natural input Responsive Kodo, Kutki and Ragi Millet Variety " of Dindori District, Madhya Pradesh, project at RARS, Dindori (M.P.), Funding under State Plan entitled " C1-(15) Improvement of Millets,Dindori " National Agriculture Research Project (NARP).For detailed information and the prescribed application form downloaded from http://www.jnkvv.org.

IPRO/RARS/Dindori/2026/85

Dean, College of Agriculture
JNKVV, Jabalpur (M.P.)


## घासीराम चौरसिया का निधन

**पनागर।** सुभाष वार्ड निवासी घासीराम चौरसिया का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया आप गोपाल, जम्मन, मदन, वेदप्रकाश संजय चौरसिया संजू के बड़े भाई एवं स्व.जितेंद्र चौरसिया (बिल्लू), धर्मेंद्र चौरसिया( शेरू) के पिता जी रहे अंतिम संस्कार पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंगल भवन के पीछे स्थित शमशान घाट में शुक्रवार सुबह 10 बजे किया जायेगा।



# पनागर में भाजपा की बूथ स्तरीय बैठक, आपातकाल को लेकर हुई चर्चा



**नवभारत, पनागर।** प्रभारी नगर मंडल पनागर ने गुरुवार को बूथ क्रमांक 23 एवं बूथ क्रमांक 31 पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की।

बैठक में बूथ क्रमांक 23 के बूथ अध्यक्ष मिथिलेश शुक्ला एवं बूथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं बूथ क्रमांक 31 पर बूथ अध्यक्ष राम सुफल नामदेव तथा बूथ कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान पार्टी की नीतियों, संगठन की गतिविधियों तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही देश में लगाए गए आपातकाल की वर्षगांठ के अवसर पर उसके इतिहास, लोकतंत्र पर पड़े प्रभाव एवं जनजागरण के महत्व पर भी विचार-विमर्श किया गया।

प्रभारी नगर मंडल ने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक में बूथ स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने और आमजन तक सरकार एवं संगठन की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने पर जोर दिया गया जिसमें प्रभारी सुधीर चौबे, प्रियंका शर्मा पार्षद,राजीव पांडे,जागेश्वर शर्मा, रामकृष्ण पांडे, संदीप जैन, कमलेश यादव, श्री कुशवाहा सहित अनेक जन उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर**

**-:: निविदा सूचना ::-**

N.I.T. No/PWD/e-tendering/PRO/338 Date 25/06/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समय अवधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD 515393_1 26/06/2026 | सं. क्रं.-11 अंतर्गत रानी अवंती बाई वार्ड 67 के परसवाड़ा में सी.सी. नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य। (अध्यक्ष मद) | 02 माह<br>रु. 8.44 लाख | रु. 2000/-<br>8446/- | 10.07.2026 |
| 2 | 2026_UAD 515393_2 26/06/2026 | सं. क्रं.-11 अंतर्गत रानी अवंती बाई वार्ड 67 के मधुवन कालोनी में सी.सी. नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य। (अध्यक्ष मद) | 02 माह<br>रु. 8.41 लाख | रु. 2000/-<br>8417/- | 10.07.2026 |
| 3 | 2026_UAD 515393_3 26/06/2026 | सं. क्रं.-11 अंतर्गत रानी अवंती बाई वार्ड 67 में प्रगति नगर कालोनी में सी.सी. नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य। (अध्यक्ष मद) | 02 माह<br>रु. 8.31 लाख | रु. 2000/-<br>8319/- | 10.07.2026 |

**नोटः**- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री यंत्री
नगर निगम, जबलपुर